दैनिक जागरण 04/11/2022

# प्रोफेशन एथिक्स पर कार्यक्रम आयोजित

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में वीरवार को इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल व प्रबंधन विभाग द्वारा प्रोफेशनल एथिक्स विषय पर आनलाइन वर्कशाप का आयोजन किया गया। आयोजन कालेज के प्राचार्य डा.वीके जैन की देखरेख में हुआ। मुख्य वक्ता डा. बीएस बोडला ने बताया कि एथिक्स की सही पहचान इंसान के काम करने के तरीके से होती है। यह इस बात पर निर्भर करती है कि आप खुद शिक्षक या छात्र होने के नाते कितने जागरूक हैं। इस वर्कशाप में डा. राजेंद्रा, कार्यक्रम की कनवीनर डा. अमिता आदि शामिल हुए।